No. of Printed Pages : 4 **ECO-5**

00079

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2010

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-5 : MERCANTILE LAW

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

---

***Note :*** *Attempt **any FIVE** questions. All questions carry **equal** marks.*

---

1. "All agreements are not contracts, but all contracts are agreements". Discuss the statement explaining the essential elements of a valid contract. **3+7**

2. What are the various types of mistakes ? What is the effect of a mistake on an agreement ? When does the unilateral mistake make the contract void ? **4+2+4**

3. What remedies are available to an aggrieved party on the breach of a contract ? Explain briefly. **10**

4. Distinguish between a contract of indemnity and a contract of guarantee, and explain the rights of a surety against the principal debtor. **6+4**

5. Briefly explain the conditions and warranties implied by law in a contract for sale of goods. **10**

6. What is the difference between dissolution of a partnership and dissolution of a firm ? What are the various circumstances in which a firm is, or may be, dissolved ? **2+8**

7. Explain the duties of an agent. **10**

8. Explain the following : **5+5**
   (a) Discharge by breach of contract.
   (b) Duties of bailee

9. Answer the following problems, with reasons for your answer : **5+5**
   (a) A makes an offer to sell his house to B. A dies. B accepts the offer and does not know about the death of A. Is acceptance valid ? Can B sue the legal representatives of A.
   (b) A, purporting to act as an agent of B, but without authority of B, accepted an offer by C. C subsequently withdraws the offer, but B ratified A's acceptance. Is C bound ?

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2010

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-5 : व्यापारिक सन्नियम

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

1. "सभी समझौते (करार) अनुबंध नहीं होते परन्तु सभी अनुबंध समझौते होते हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा एक अनुबंध के मूल तत्वों का उल्लेख कीजिए। 3+7

2. विभिन्न प्रकार की गलतियां क्या हैं? संविदे की वैधता पर गलती का क्या प्रभाव होता है? एकपक्षीय गलती के कारण अनुबंध कब व्यर्थ होता है? 4+2+4

3. अनुबंध भंग की स्थिति में पीड़ित पक्ष को क्या उपचार उपलब्ध हैं? संक्षेप में, व्याख्या कीजिए। 10

4. क्षतिपूर्ति एवं गारंटी अनुबंध में अंतर बताइए, तथा एक गारंटीकर्त्ता के मूल ऋणी के विरुद्ध अधिकारों की व्याख्या कीजिए। 6+4

5. एक वस्तु-विक्रय अनुबंध में कानून द्वारा निहित गर्भित शर्तों तथा आश्वासनों को संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 10

6. एक साझेदारी के समापन तथा एक फर्म के समापन में क्या अंतर हैं? वे कौन सी परिस्थितियां है जिन के अंतर्गत एक फर्म समाप्त हो जाती, या हो सकती, है? 2+8

7. एक एजेन्ट के कर्त्तव्यों की व्याख्या कीजिए। 10

8. निम्नलिखित का विवेचन कीजिए : 5+5

   (a) अनुबंध-भंग (breach) द्वारा समाप्ति

   (b) निक्षेपिति के कर्त्तव्य

9. निम्नलिखित समस्याओं का कारण सहित उत्तर लिखिए : 5+5

   (a) A अपना मकान B को बेचने का प्रस्ताव करता है। A की मृत्यु हो जाती है। B, जिसे A की मृत्यु की जानकारी नहीं होती, प्रस्ताव स्वीकार कर लेता है। क्या यह स्वीकृति वैध है? क्या B, A के कानूनी प्रतिनिधि पर इसके लिए मुकदमा कर सकता है?

   (b) A अपने आप को B का एजेंट बताते हुए, लेकिन बिना B के अधिकार के C के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता है। बाद में, C अपना प्रस्ताव वापस ले लेता है। परन्तु B, A की स्वीकृति का पुष्टीकरण कर देता है। क्या C दायी है?

---